NATIONAL CHAMBER OF INDUSTRIES & COMMERCE,U.P.

RAJESH GOYAL	ANIL AGARWAL	MANOJ BANSAL	YOGESH JINDAL
PRESIDENT	VICE PRESIDENT	VICE PRESIDENT	TREASURER
9319106205	9319108920	9997905959	9837042001

दिनांक :— 13.06.2023

सेवा में,
आदरणींय श्रीमान मुख्यमंत्री महोदय
श्रीमान योगी आदित्यनाथ जी
उ0प्र0 शासन
लखनऊ।

विषय :—आगरा शहर में मॉडल सोलर ऊर्जा पार्क की स्थापना हेतु निवेदन।

आदरणींय श्रीमानजी,

नेशनल चैम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एण्ड कॉमर्स, यूपी, आगरा की ओर से हम आपका हार्दिक अभिनन्दन करते हैं। नेशनल चैम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एण्ड कॉमर्स, यूपी आगरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उद्योग एवं व्यापार की एक संघीय एवं शीर्ष संस्था है एवं वर्ष 1949 में स्थापित, 74 वर्ष से निरन्तर कार्यरत है। इसमें 1600 से अधिक औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान जो आगरा जनपद एवं आस पास के जनपदों में स्थित हैं, सदस्य हैं। 25 विभिन्न प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन भी चैम्बर के सम्बद्ध सदस्य हैं।

हमें बड़ी प्रसन्नता है कि अक्षय ऊर्जा स्रोतों के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूकता पैदा करने और गैर पारम्परिक एवं वैकल्पिक उर्जा के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिये आप पूरी तरह प्रयासरत हैं। आगरा शहर मैं वैकल्पिक ऊर्जा को प्रोत्साहन देने एवं आगरा को सौर नगर के रूप में स्थापित करने हेतु आपसे निम्न निवेदन करना चाहते हैं :—

1. उत्तर प्रदेश सरकार वैकल्पिक उर्जा के प्रति प्रदेश वासियों को जागरूप करने एवं उसके अधिक से अधिक प्रचलन एवं प्रयोग के लिए प्रेरित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।
2. आदरणींय प्रधानमंत्री महोदय एवं भारत सरकार का भी यही मानना है कि गैर पारम्परिक एवं वैकल्पिक उर्जा के प्रयोग से ही भारत वर्ष भविष्य में अपनी भावी पीढ़ी के लिए अपनी अनमोल प्रकृति, पारिस्थितिकी, पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर पायेगी ।
3. उ0प्र0 शासन द्वारा अभी हाल में ही हैं सोलर एनर्जी पालिसी 2022 संस्थापित करी गयी है जिसमे सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनेको वित्तीय एवं नीतिगत प्रोत्साहन प्रदान करे जा रहे है।
4. उक्त नीतियों एवं पॉलिसीयों से उ0प्र0 शासन का यह मंतव्य स्पष्ट होता है कि उ0प्र0 प्रदेश में गैर परंपरागत एवं वैकल्पिक ऊर्जा को प्रोत्साहन प्रदान करना अति आवश्यक है जिससे परंपरागत जीवाश्म ऊर्जा स्रोतो पर निर्भरता को कम किया जा सके है।
5. इसी श्रंखला में उ0प्र0 आगरा शहर मै छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के स्वरुप पर एक मॉडल सौर ऊर्जा पार्क की स्थापना अति आवश्यक है।
6. इस पार्क की स्थापना से आगरावासियों को अक्षय ऊर्जा स्रोतों के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूकता पैदा होगी और सामान्य रूप से शहरवासी इनके सहज उपयोग के प्रति शिक्षित भी होंगे।
7. इस मॉडल पार्क की स्थापना से आगरा शहर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में आगरा शहर की छवि उज्जवल होगी तथा सतत पर्यटन एवं पारिस्थितिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा एवं आगरा शहरवासी पर्यावरण, परिस्थितिकी एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशील भी बनेंगे।
8. इस मॉडल सौर ऊर्जा पार्क को अक्षय ऊर्जा स्रोतों के विभिन्न रूपों के उत्पादन और उपयोग को केंद्र बिंदु में रख विकसित किया जाना चाहिए। जिसमे हरियाली, रंगीन फूलों, आकर्षक फव्वारों और अद्वितीय झरनों के साथ सुंदर उद्यान हो। इस पार्क में इनडोर और आउटडोर प्रदर्शनों के माध्यम से और कामकाजी मॉडल, इंटरैक्टिव

New Market, Jeoni Mandi, Agra – 282004 Ph.(0562) 2623552, 2623550, 9368774368
Email: office@ncicagra.in, ncicagra1@gmail.com Website: http://www.ncicagra.in

गेम्स और क्विज़ के माध्यम से वैकल्पिक सौर ऊर्जा को व्यवहारिक तौर में दैनिक जीवन में उपयोग में लाये जाने का सन्देश शहर वासियों तक पहुँचाया जा सकता है।

9. इस मॉडल सौर ऊर्जा पार्क के आकर्षणों में बच्चो के लिए, सौर संचालित खिलौना–कारें भी होनी चाहिए। जिनकी छतें बैटरी से चलने वाली सोलर सेल पावरिंग मोटर से बनी होती हैं। अन्य आकर्षण में एक कृत्रिम झील में सोलर बोट होनी चाहिए है जिसमे पर्यटक झील में सोलर/पैडल बोट का आनंद ले सकते हैं। इन सौर नाव की मोटर बैटरी द्वारा संचालित हो जो नाव की छत पर लगे सौर मॉड्यूल द्वारा चार्ज की जाती हो ।

10. आगरा शहर में इनर सिटी रिंग रोड के सहारे आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा 612 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ग्रेटर आगरा नामक टाउनशिप विकसित की जा रही है जिसमें इस तरह का मॉडल सौर ऊर्जा पार्क का स्थापित किये जाने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्य स्थान है।

प्रार्थना

आदरणींय मुख्यमंत्री महोदय से करबद्ध प्रार्थना है कि आगरा शहर में जल्द से जल्द एक मॉडल सौर ऊर्जा पार्क की स्थापना के लिए निर्देश दे। जिससे गैर पारम्परिक एवं वैकल्पिक ऊर्जा के प्रति शहर वासियों में जागरूकता उत्पन्न हो सके और साथ में सतत पर्यटन एवं पारिस्थितिक पर्यटन में भी वृद्धि हो सके जिससे आगरा शहर का उत्थान हो सके।

सादर,

भवदीय

(राजेश गोयल)
अध्यक्ष

(राहुल जैन)
को चेयरमैन – विद्युत एवं पर्यटन विकास प्रकोष्ठ

प्रतिलिपिः–

1. श्री महेश कुमार गुप्ता जी आई0ए0एस0, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, लखनऊ उ0प्र0।
2. श्री नितिन रमेश गोकर्ण आई0ए0एस0, अतिरिक्त मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, लखनऊ उ0प्र0।
3. श्री मुकेश कुमार मेश्राम जी आई0ए0एस0, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, लखनऊ उ0प्र0।
4. श्री अमित कुमार गुप्ता जी आई0ए0एस0, मंडलायुक्त आगरा मंडल, आगरा उ0प्र0।
5. श्री चर्चित गौड़ जी आई0ए0एस0, उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा उ0प्र0।